पेय-जल रहित राजस्व ग्राम

479. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि: (क) देश में राजस्व ग्रामो की कुल संख्या कितनी है; और

(ख) ऐसे राजस्व ग्रामों की राज्यवार संख्या कितनी है जहां अभी तक शुद्ध पेय जल की व्यवस्था नहीं की जा सकी है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्यमंत्री (श्री चंद्रदेव प्रसाद वर्मा): (क) 1991 की जनगणना के अनुसार देश में 5,87,179 बसे हुए राजस्व गांव हैं।

(ख) 1.4.94 से ग्रामीण बसावटों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति के सर्वेक्षण के आधार पर, कवरेज की बसावटवार आधार पर निगरानी की जा रही है। मार्च 1996 के अंत तक, मानदंडों के अनुसार स्वच्छ बिना पेयजल की सुविधा वाली 75,783 कवर न की गई बसावटें थी। राज्यवार ब्यौरे विवरण में दिए गए हैं।

विवरण

1.4.96 तक कवर न की गई बसावटों की स्थिति

राज्य/संघ शासित क्षेत्र	कवर न की गई बसावटें
आंध्र प्रदेश	0
अरूणाचल प्रदेश	197
असम	11627
बिहार	16085
गोवा	50
गुजरात	717
हरियाणा	0
हिमाचल प्रदेश	5086
जम्मू एवं कश्मीर	845
कर्नाटक	6045
केरल	863
मध्य प्रदेश	5724
महाराष्ट्र	22
मणिपुर	391
मेघालय	960
मिज़ोरम	12
नगालैंड	354
उड़ीसा	0
पंजाब	5403
राजस्थान	11597
सिक्किम	0
तमिलनाडु	366
त्रिपुरा	232
उत्तर प्रदेश	9295
पश्चिम बंगाल	0
अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह	11
दादरा व नगर हवेली	11
दमन व दीव	0
दिल्ली	1
लक्ष्यद्वीप	0
पांडिचेरी	0
कुल	75783

मिट्टी के तेल का वितरण

480. **श्री नागमणि:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों की मिट्टी के तेल की वितरण प्रणाली की समीक्षा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) मिट्टी के तेल की काला बाजारी को रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी॰ आर॰ बालू): (क) से (ग) मिट्टी तेल की वितरण प्रणाली की सरकार समीक्षा करती रहती है। विभिन्न राज्यों को मिट्टी तेल की वितरण प्रणाली की सरकार समीक्षा करती रहती है। विभिन्न राज्यों को मिट्टी तेल के आबंटन में वृद्धि की अनुमति देने के अलावा केन्द्रीय सरकार ने राज्य सरकारों से इसके खुदरा वितरण को युक्तिपूर्ण बनाने, विपथन के बिंदुओं की पहचान करने तथा मिट्टी तेल की कालाबाजारी को रोकने के लिए बचाव के रास्तों को बन्द करने हेतु उपाय करने का भी अनुरोध किया है ताकि यह लक्ष्यांकित समूहों तक समय पर एवं वांछित मात्रा तथा निर्धारित कीमतों पर उपलब्ध कराई जा सके।

(घ) मिट्टी तेल की कालाबाजारी को रोकने के लिए मिट्टी तेल में फरफुरल का मिश्रण, मिट्टी तेल को नीले रंग से रंगना, वाहन, प्रयोगशालाओं द्वारा नमूनों की जांच तथा तेल कंपनियों के क्षेत्राधिकारियों एवं राज्य प्राधिकारियों द्वारा अचानक निरीक्षण जैसे उपाय किए जाते हैं।